# पुUना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| Summative Assessment-1 (2021-2022) | | | |
|---|---|---|---|
| Student’s Name: | Roll No.: | Grade : | VIII |
| Date : | Time: | Subject: | Hindi |
| T. Sign : | | Total Marks | 60 |

- **चारों खंडो के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |**

## (खंड-क)
## ( अपठित-विभाग)

**प्रश्न-1 निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(अंक-5)**

हर किसी मनुष्य को अपने राष्ट्र के प्रति गौरव, स्वाभिमान होना आवश्यक है। राष्ट्र से जुड़े समस्त राष्ट्र प्रतीकों के प्रति भी हमें स्वाभिमान होना चाहिए। राष्ट्र प्रतीकों का यदि कोई अपमान करता है, तो उसका पुरजोर विरोध करना चाहिए। प्रत्येक राष्ट्राभिमानी व्यक्ति के हृदय में अपने देश, अपने देश की संस्कृति तथा अपने देश की भाषा के प्रति प्रेम होना स्वाभाविक भावना ही है। राष्ट्र के प्रति हर राष्ट्रवासी को राष्ट्र हित में अपने प्राणों का उत्सर्ग करने को तैयार रहना चाहिए। जिस देश के निवासियों के हृदय में यह उत्सर्ग भावना नहीं होती है, वह राष्ट्र शीघ्र ही पराधीन होकर अपनी सुख, शांति और समृद्धि को सदा के लिए खो बैठता है। देशभक्ति एवं सार्वजनिक हित के बिना राष्ट्रीय महत्ता का अस्तित्व ही नहीं रह सकता है। जिसके हृदय में राष्ट्रभक्ति है उसके हृदय में मातृभक्ति, पितृभक्ति, गुरुभक्ति, परिवार, समाज व सार्वजनिक हित की बात स्वतः ही आ जाती है।इन उपर्युक्त भावनाओं से वह आत्मबली होकर अन्याय, अत्याचार व अमानवीयता से लड़ने को तत्पर हो जाता है। वह एक सच्चे मानव धर्म का अनुयायी होकर धर्म एवं न्याय के पक्ष में खड़ा होता है। अतः राष्ट्र-धर्म एवं राष्ट्र-भक्ति ही सर्वोपरि है। यदि हम ऐसा नहीं करेंगे तो स्वयं के प्रति, ईश्वर के प्रति एवं राष्ट्र के प्रति अनुत्तरदायी ही होंगे। किसी को हानि पहुँचाकर स्वयं के लिए अनुचित लाभ उठाना अन्याय है। अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्य से विमुख न होना ही सच्ची राष्ट्रभक्ति है।

**प्रश्न**

(1) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
(2) राष्ट्राभिमानी व्यक्ति के हृदय में क्या स्वाभाविक भावना होती है?
(3) देश के निवासियों में उत्सर्ग भावना नहीं होगी तो क्या हानि होगी?
(4) आत्मबली व्यक्ति किनसे लड़ता है व किनके पक्ष में खड़ा होता है?
(5) “ सुख “ तथा “ शांति “ शब्द का विलोम शब्द लिखिए |

**प्रश्न -2 निम्नलिखित पदयांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(अंक-5)**

क्या करोगे अब ?
समय का जब प्यार नहीं रहा
सर्वसहा पृथ्वी का आधार नहीं रहा
न वाणी साथ है, न पानी साथ है
न कही प्रकाश है स्वच्छ
जब सब कुछ मैला है आसमान
गंदगी बरसाने वाले
एक अछोर फैला है
कही चले जाओ
विनती नहीं है, वायु प्राणप्रद
आदंकर आदमी
सब जग से गायब है

**प्रश्न**

1. कवि ने धरती के बारे में क्या कहा है?
2. 'आदमकद आदमी' से क्या तात्पर्य है?
3. आसमान की तुलना किससे से की गयी है?
4. प्राणदान का तात्पर्य है?
5. कवि समय से कब और क्यों कतराना चाहते हैं?

**(खंड-ख)**

**(व्याकरण-विभाग)**

**प्रश्न -3(क) उपसर्ग से नए शब्द बनाए |** **(अंक-2)**

1 ) निस् 2) खुश

**(ख) नीचे दिए गए वाक्य के सही विकल्प लिखिए |** **(अंक-2)**

1) 'जब तक वह घर पहुँचा तब तक उसके पिताजी जा चुके थे।' वाक्य है-
(a) सरल वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) इनमें से कोई नहीं

2) 'गुरुजन का सम्मान करना सीखो' किस प्रकार का वाक्य है?
(a) आज्ञार्थक (b) संकेतवाचक
(c) संदेहवाचक (d) इच्छार्थक

3) 'झूठ मत बोलो' यह किस प्रकार का वाक्य है?
(a) प्रश्नवाचक (b) नकारात्मक
(c) निषेधवाचक (d) विधिवाचक

4) कौन-सा मिश्र वाक्य है?
(a) राहुल पढ़ रहा है
(b) सुरेश नदी में डूबने लगा
(c) मैंने सुना है कि सुरैया ने निकाह कर लिया है
(d) वह आया, थोड़ी देर बैठा और तुरन्त लौट गया

**(ग) नीचे दिए गए शब्दों की संधि-विच्छेद कीजिए |** **(अंक-4)**

1) हरीश 2) भानूदय
3) परीक्षा 4) साधूपदेश

**(घ) प्रत्यय से नए शब्द बनाए |** **(अंक-2)**

1) आया 2) दान

**(च) नीचे दिए गए क्रियाविशेषण के भेद लिखिए |** **(अंक-3)**

1) अब मैं स्कूल जा रहा हूँ।
2) सुभाष बहुत पढ़ता है।
3) रमेश धीरे -धीरे चलता है।

**(छ) निम्नलिखित सही विकल्प चुनकर लिखिए |** **(अंक-2)**

1) अच्छा-बुरा, सुगंधित, उत्तरी-पूर्वी, प्राचीन आदि विशेषण किस प्रकार के हैं –
(a) परिमाणवाचक (b) संख्यावाचक
(c) गुणवाचक (d) स्थानवाचक

2) 'आदर' शब्द से विशेषण बनेगा –
(a) आदरकारी (b) आदरपूर्वक
(c) आदरणीय (d) इनमें से कोई नहीं

3) विशेष्य किसे कहते हैं –
(a) जो विशेषता बताई जाए (b) जिसकी विशेषता बताई जाए
(c) जो विशेषता बताए (d) इनमें से कोई नहीं

4)'संस्कृति' संज्ञा किस विशेषण शब्द से बना है?
(a) संस्कृत (b) सुकृति
(c) सांस्कृतिक (d) संस्कार

## (खंड-ग)
## (साहित्य-विभाग)

**प्रश्न -4 निम्नलिखित सही विकल्प चुनकर लिखिए |** **(अंक-3)**

1) भगवान के डाकिए इस संसार को क्या संदेश देना चाहते हैं?
(a) आपसी प्रेम का (b) विश्वबंधुत्व का
(c) भेद-भाव न करने का (d) निरंतर आगे बढ़ने का

2) मस्ती भरा जीवन जीने वाले लोगों के बीच क्या बन जाते हैं ?
(a) आदर्श (b) शोक
(c) मेहमान (d) उल्लास

3) ‘कलियाँ’ किसका प्रतीक हैं?

(a) नवयुवकों का (b) फूलों का

(c) वसंत का (d) प्रातः काल का

**प्रश्न -5 नीचे दिए गए अतिलघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (अंक-4)**

1) बदलू कौन था?

2) भगवान के डाकिए किन्हें कहा गया है?

3) 'यह सबसे कठिन समय नहीं है' यह पंक्ति हमें क्या संदेश देती है?

4) संचार के कुछ आधुनिक साधन लिखिए।

**प्रश्न -6 नीचे दिए गए लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (कोई दो ) (अंक-4)**

1) 'मानव महा - समुद्र' से लेखक का क्या आशय है?

2) कवि ने अपने जीवन को मस्त क्यों कहा है?

3) अभी न होगा मेरा अंत’ कवि ने ऐसा क्यों कहा?

**प्रश्न -7 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (कोई एक) (अंक-3)**

1) सविनय अवज्ञा का उपयोग व्यंग्यकार ने किस रूप में किया है?

2) वसंत को ऋतुराज क्यों कहा जाता है?

**प्रश्न -8 नीचे दिए गए भारत की खोज से संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (अंक-4)**

1) ऋगवेद की रचना कितने साल पुरानी है?

2) “ भारत की खोज “ पुस्तक नेहरुजी ने कब और कहाँ लिखी थी ?

3)औरंगजेब की मृत्यु कब हुई ?

4) नेहरुजी की यह कौन -सी जेल यात्रा थी ?

**(खंड-घ)**

**( लेखन-विभाग)**

**प्रश्न -9 कोई एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए | (अंक-5)**

1) समाचार-पत्र : ज्ञान और मनोरंजन का साधन

**अथवा**

वन और पर्यावरण का सम्बन्ध

**प्रश्न-10 कोई एक विषय पर पत्र लेखन लिखिए | (अंक-5)**

1) डाकिए की डाक बाँटने के लिए अनियमितता की शिकायत।

**अथवा**

अपनी छोटी बहन को समय का सदुपयोग करने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए।

**प्रश्न-11 कोई एक विषय पर संवाद लेखन लिखिए | (अंक-4)**

1) परीक्षा के एक दिन पूर्व दो मित्रों की बातचीत का संवाद लेखन कीजिए।

**अथवा**

अपने-अपने जीवन लक्ष्य के बारे में दो मित्रों की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए।

**प्रश्न-12 नीचे दिए गए चित्र को देखकर दस-पंद्रह वाक्यों में वर्णन कीजिए |** **(अंक-3)**

1)

